दिन– मंगलवार दिनांक– 17 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार सरकार ने एआई के क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के साथ चार सौ अड़सठ करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किये।

02 बिहार विधानसभा ने ग्रामीण विकास विभाग का दो सौ सैंतीस अरब से अधिक का बजट पारित किया।

03. बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन, दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

04. और, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की अड़तीसवीं पुण्य तिथि पर पटना समेत राज्यभर में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन।

---

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट – दो हजार छब्बीस का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है। आज समिट का दूसरा दिन है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत मंडपम में बिहार पवेलियन का दौरा किया।

---

एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान राज्य सरकार ने चार सौ अड़सठ करोड़ रुपये की परियोजनाओं और निवेश प्रस्तावों पर समझौता किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गए। इसके तहत आईआईटी, पटना में दो सौ पचास करोड़ रुपये के निवेश से एक रिसर्च पार्क की स्थापना की जाएगी। वहीं, एआई–सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के लिए साठ करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को सहमति दी गयी है। इस उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से नवाचार, इन्क्यूबेशन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार टेक हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

———बाइट———

---

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एआई और शिक्षा, एक दूसरे के पूरक हैं। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में 'भारत में एआई की सीमाओं

को आगे बढ़ाना' विषय पर आधारित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश ज्ञान केंद्रित समाज बनने की दिशा में अग्रसर है।

———बाइट———

भारत की नई पीढ़ी को एआई इनेबल शिक्षा हमारा दायित्व है। काफी उत्साह से लोग इस समिट में पार्टिसिपेट कर रहे हैं। एआई इन एजुकेशन, एजुकेशन इन एआई भारत की परंपरागत ज्ञान से लेकर वैश्विक ज्ञान तक एआई को यूज करके, हमें अपने स्टूडेंट को अपनी नई जेनरेशन को कैसे ज्यादा इंपोर्ट करें, टीचर्स को जैसे इंपोर्ट करें, स्कूल मैनेजमेंट कॉलेज मैनेजमेंट को ठीक करें। ये प्रायोरिटी के विषय बन चुके हैं।

———————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र सुचारू रूप से जारी है। विधानसभा की कार्यवाही आज हंगामे के बीच शुरू हुयी। प्रश्नोत्तर काल में स्वर्गीय रामविलास पासवान के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर लोजपा, रामविलास और राजद सदस्यों के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के हस्तक्षेप के बाद हंगामा शांत हुआ और प्रश्नोत्तर काल पूरा किया गया। इस दौरान सदस्यों ने शिक्षा विभाग से जुड़े कई सवाल किए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि शीघ्र ही विभाग के अंतर्गत पैंतालीस हजार ऑफिस अटेंडेंट–कार्यालय परीचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

———बाइट———

शिक्षा मंत्री ने विद्यालयों में दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन को लेकर सदन को आश्वस्त किया कि छात्रों को गुणत्तापूर्ण और गर्म खाना परोसा जाए, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि रसोईयों के हित का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा।

———बाइट———

———————————————————

भोजनावकाश के बाद ग्रामीण विकास विभाग के बजट पर चर्चा हुई। विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग का दो सौ सैंतीस अरब एक करोड़ सत्रह लाख नब्बे हजार रुपये का बजट पारित किया जाना जरूरी है।

———बाइट———

ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लाई गयी है। श्री कुमार ने सदन को बताया कि इस योजना को लागू करने में तकनीकी हस्तक्षेप अनिवार्य कर पारदर्शिता लाई जाएगी।

इससे निगरानी बढ़ेगी और फर्जीवाड़े पर रोकथाम लगेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य के आवासहीन परिवारों को इसके तहत बड़े पैमाने पर आवास उपलब्ध कराये गये हैं।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सक्षम न्यायालय और लंबित की स्पष्ट परिभाषा से दाखिल—खारिज मामलों में अनावश्यक बिलंब नहीं होगा। श्री सिन्हा ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि केवल आवेदन, आपत्ति या अभ्यावेदन का किसी न्यायालय में दायर होना सक्षम न्यायालय में लंबित नहीं माना जाएगा।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता और विधायक माधव आनंद ने शराबबंदी की समीक्षा की मांग की है। श्री आनंद ने विधानसभा में कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून की समीक्षा की जाए।

———बाइट———

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि शराबबंदी की समीक्षा की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी लागू है और आगे भी लागू रहेगी।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पदाधिकारियों को राज्य में घोड़परास के आखेट के लिए शूटरों की संख्या दो सौ से बढ़ाकर चार सौ किये जाने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आज एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आखेट के लिए आवेदन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और किसानों को फसल क्षति होने पर अनुदान, सहायता राशि और उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने सांप को वन्य जीव घोषित करते हुए सर्पदंश से मृत्यु की स्थिति में वन्य प्राणी से हुई क्षति के समान दस लाख रुपये के मुआवजा भुगतान की व्यवस्था बनाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के भी निर्देश दिये हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन आज दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। परीक्षा का आयोजन पच्चीस फरवरी तक किया जायेगा। बोर्ड की सूचना के अनुसार इस वर्ष परीक्षा में पन्द्रह लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें सात लाख पचासी हजार सात सौ छब्बीस छात्राएं हैं। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल एक हजार छह सौ निन्यानवे केन्द्र बनाये गये हैं। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कई केंद्रों पर देर से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी। इसे लेकर छात्रों और उनके अभिभावकों ने हंगामा भी किया। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गयी। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के प्रबंध किये गये थे। इधर, प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर आज से सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं।

---

गया जिले के रहने वाले शुभम कुमार ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा– जेइई मेन्स के प्रथम चरण में हंर्डेड पर्सेंटाईल के साथ देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। शुभम परिणाम में राज्यभर में प्रथम स्थान पर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने शुभम को इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की अड़तीसवीं पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। पटना के जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने जननायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानमंडल परिसर स्थित जननायक की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, जननायक के पैतृक गांव समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और अन्य गणमान्य लोगों ने जननायक की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजद की ओर से पटना के बापू सभागार में जननायक की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जननायक के आदर्शों, विचारों और उनके योगदान को याद किया।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में आज खेले गये पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने कनाडा को आठ विकेट से पराजित कर दिया। वहीं, आज आयरलैंड और जिम्मबाब्वे के बीच श्रीलंका के पालेकेले में खेला जाने वाला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। एक अन्य मुकाबले में नेपाल की भिड़ंत स्कॉटलैंड से हो रही। यह मैच मुंबई के वानखड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है।

---

रोहतास जिले के सोहसा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– तीन सौ उन्नीस पर शैक्षणिक परिभ्रमण पर जा रही एक स्कूल बस की ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बस पर सवार दो शिक्षकों की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन से अधिक छात्र–छात्राएं घायल हो गयें।

---

पश्चिम चंपारण जिले के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत शेरवा मंडीहा में बाघ के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाघ ने तीन भैसों को भी जख्मि कर दिया। वन विभाग की टीम बाघ की खोज में लगी है।

---

भागलपुर समाहरणालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के सरकारी ई–मेल पर धमकी का मैसज मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार सरकार ने एआई के क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के साथ चार सौ अड़सठ करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किये।

02 बिहार विधानसभा ने ग्रामीण विकास विभाग का दो सौ सैंतीस अरब से अधिक का बजट पारित किया।

03. बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन, दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

04. और, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की अड़तीसवीं पुण्य तिथि पर पटना समेत राज्यभर में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।